पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की नैक मूल्यांकन में आवेदित की गयी रिपोर्ट का अवलोकन किया

विश्वविद्यालय अपने पहले नैक मूल्यांकन के लिए काउंसिल को दे चुका है सेल्फ स्टडी रिपोर्ट

राज्यपाल ने काउंसिल की विजिट से पूर्व सुधारों और भविष्य के नैक मूल्यांकन से पूर्व स्तर में सुधार के लिए दिए सुझाव

लखनऊ : 13 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की नैक के समक्ष मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत की जा चुकी रिपोर्ट का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय अपने पहले नैक मूल्यांकन के लिए काउंसिल को सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एस0एस0आर) दे चुका है। राज्यपाल ने इस रिपोर्ट में व्यापक सुधार की संभावनाओं को लेकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह से चर्चा की।

राज्यपाल ने कुलपति को निर्देश दिया कि यद्यपि विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु उनके द्वारा एस0एस0आर0 नेशनल एसेसमेंट एण्ड एक्रीडिशन काउंसिल (नैक) में प्रस्तुत किया जा चुका है, तब भी काउंसिल के सदस्यों की विजिट से पूर्व वे विविध सुधार लाकर उनका अवलोकन कराते हुए अपने नैक मूल्यांकन में सम्मानजनक श्रेणी प्राप्त कर सकती हैं।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय का मोबाइल एप विकसित करने, वेबसाइट अपडेट करने, इग्नू की तर्ज पर वर्चुअल क्लास रूम विकसित करने, सेन्ट्रल ई–लाइब्रेरी अपने विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने तथा डिग्री देने के लिए डिजी लॉकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा ग्रहण कर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान के लिए आवश्यक रूप से कॉल सेन्टर बनाएं तथा अपने पूर्व छात्रों का डेटा बैंक भी सुदृढ़ करें।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह द्वारा बैठक में राज्यपाल जी को अवगत कराया गया कि नैक मूल्यांकन के नियम 12–बी में विश्वविद्यालयों के लिए जो आवश्यक क्षेत्रफल की बाध्यता है वह मुक्त विश्वविद्यालय के लिए अनुपयुक्त है। राज्यपाल ने कहा कि वे इस नियम से मुक्त विश्वविद्यालयों को छूट दिलाने हेतु यू0जी0सी0 तथा केन्द्र में शिक्षामंत्री को पत्र भेजेंगी।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को नैक मानकों के अनुरूप निरंतर सुधार करते रहने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वे अपने विश्वविद्यालय में अनौपचारिक शिक्षा के विकल्प भी खोले तथा पूर्णतय: निरक्षर लोगों के लिए उनकी स्किल के अनुसार उनके हुनर को निखारने वाले कोर्स चलाकर प्रमाण–पत्र देने की व्यवस्था भी करें।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह, प्रो0 ओम जी गुप्ता, प्रो0 आशुतोष गुप्ता, डा0 अरूण कुमार गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डा0 पंकज जॉनी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

——————

राजभवन (15/12)